पीईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

PEC LIMITED
(A Government of India Enterprise)
Ministry of Commerce & Industry
CIN: U74899DL1971GOI005600

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024
के अवसर पर
मुख्य सतर्कता अधिकारी का संदेश

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशानुसार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) हर वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस (31 अक्टूबर) के सप्ताह के दौरान मनाया जाता है। सीवीसी ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष वीएडब्ल्यू 28 अक्टूबर 2024 से 03 नवंबर 2024 तक मनाया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) का पालन सतर्कता निवारक के प्राथमिक उपायों में से एक है, जिसमें जागरूकता पैदा करने और पब्लिक गवर्नेंस में ईमानदारी बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों और हितधारकों की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने पर ध्यान दिया जाता है।

आयोग ने वीएडब्ल्यू 2024 की प्रस्तावना के रूप में तीन महीने का अभियान (16 अगस्त, 2024 - 15 नवंबर, 2024) शुरू किया है, जिसमें पांच अलग-अलग सतर्कता निवारक उपायों/गतिविधियों **(i) क्षमता निर्माण कार्यक्रम; (ii) सुव्यविस्थत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन; (iii) परिपत्रों/दिशानिर्देशों/मैनुअल को अद्यतन करना; (iv) 30.06.24 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान और (v) मजबूत डिजिटल उपस्थिति** को फोकस वाले क्षेत्रों के रूप में अपनाया गया है

तीन माह का अभियान का शुभारंभ 16.08.2024 को कॉन्फ्रेंस हॉल एमएमटीसी लिमिटेड, स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में उद्घाटन कार्यक्रम के साथ किया गया है, जिसमें निर्यात निरीक्षण परिषद, राज्य व्यापार निगम लिमिटेड और एमएमटीसी लिमिटेड के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, वीएडब्ल्यू 2024 पर एक परिचयात्मक सत्र आयोजित किया गया जिसमें सतर्कता निवारक उपायों के अनुपालन, सतर्कता गतिविधियों पर कार्य योजना, नैतिकता, गवर्नेंस और सतर्कता पर जागरूकता निवारक कार्यक्रम पर जोर दिया गया।

जागरूकता सप्ताह 2024 के इस अवसर पर मैं चाहता हूं कि सभी कार्मिक विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेकर समय पर उचित कार्रवाई करते हुए कंपनी को धन के दुरुपयोग/धोखाधड़ी/अनचाही घटनाओं, आदि और वित्तीय/प्रतिष्ठा के जोखिम से बचाने के लिए सतर्कता निवारक उपाय करें।

मैं पीईसी लिमिटेड के सभी कर्मचारियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाने के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं देता हूं।

16/8/24.

अनुराग प्रसाद, आई.आर.एस
मुख्य सतर्कता अधिकारी

Follow us on:

एफ ब्लॉक, तीसरी मंजिल, फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्पलेक्स, एफ एवं जी ब्लॉक, झंडेवालान ज्वैलरी कॉम्पलेक्स, रानी झाँसी रोड, नई दिल्ली-110055
F-Block, 3rd Floor, Flatted Factory Complex, F & G Block, Jhandewalan Jewellery Complex, Rani Jhansi Road, New Delhi-110055
pec@peclimited.com www.peclimited.com